हर खबर की तह तक
लोक भारती
लखनऊ, शुक्रवार, 14 मई, 2021

अपर मुख्य सचिव ने की नगर निगम के कार्य की समीक्षा

ब्यूरो

शाहजहांपुर। कोविड-19 महामारी के सक्रमण को ध्यान में रखते हुये अपर मुख्य सचिव ने नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव ने कोविड-19 के सक्रमण से बचाव व आमजन की सुरक्षा हेतु महानगर में नगर निगम द्वारा कराये जा रहे कार्यो जैसे- नगर में अब तक बने कन्टेनमेंट जोन, शमशानघाट पर कराई गई व्यवस्था, बाहर से आने वाले प्रवासी व्यक्तियों की निगरानी हेतु बनाई गई मोहल्ला निगरानी समिति की सक्रियता, सफाई व्यवस्था, सेनेटाइजेशन एवं अन्य कराये जा रहे कार्यो की जानकारी नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा से ली। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने अपर मुख्य सचिव को अवगत कराया कि जनमानस की सुरक्षा हेतु नगर में नियमित रुप से विषेश रुप से सफाई का कार्य, सेनेटाइजेशन, फागिंग कार्य, एण्टीलॉरवा, शमशामघाट पर नियमित रुप से सफाई का कार्य, सेनेटाइजेशन का कार्य एवं नगर में शुद्ध पेयजल आदि का कार्य कराया जा रहा है। समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव ने निर्देशित किया कि कोविड-19 की महामारी को दृष्टिगत रखते हुये किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाये। इसके साथ ही अपर मुख्य सचिव ने नगर में आमजन को कोविड-19 के सक्रमण से बचाव हेतु नगर निगम द्वारा कराये जा रहे कार्यो की सराहना कीई। इसके साथ ही समस्त महानगर वासियों से कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करने, फेस मास्क का उपयोग व लाकडाउन में घर पर ही रहने की अपील की गई। समीक्षा बैठक में नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह, सहायक नगर आयुक्त रष्मि भारती, मुख्य अभियंता दिनेश चन्द्र सचान, सहायक अभियंता जल उमेश कुमार, समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षक उपस्थित रहे।